इंटैक यंग हेरिटेज क्लब द्वारा स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ संकाय प्रथम के तत्वाधान में दिनाँक 06 अक्टूबर 2016 को इतिहास विभाग के इंटैक यंग हेरिटेज क्लब द्वारा भारत के विभिन्न ऐतिहासिक धरोहरों पर आधारित एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बी०ए० के इतिहास विषय की 38 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मोनिका बी ए फ़ाइनल, द्वितीय स्थान पर पूजा बी०ए० द्वितीय वर्ष तथा आशा रानी बी ए तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीन सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। जिन्हें प्राप्त किया- शहनाज बी ए द्वितीय वर्ष, शबाना बी ए द्वितीय वर्ष और रोशन बी ए द्वितीय वर्ष ने।

निर्णायक मंडल की भूमिका मुख्य अतिथि श्री आनंद मेहता (संयोजक इंटेक फरीदाबाद चैप्टर) और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता ने निभाई। शिक्षाविद, समाजसेवी और उद्योगपति श्री आनंद मेहता ने इस अवसर पर बी ए प्रथम वर्ष की चालीस छात्राओं को क्लब में शामिल करते हुए उन्हें बैज व क्लब पासपोर्ट भी प्रदान किये। इसी अवसर पर उन्होंने विरासतों के संरक्षण के संकल्प हेतु सभी छात्राओं को शपथ भी दिलाई। सभी विजेताओं को प्राचार्य कृष्णकांत गुप्ता ने बधाई दी और बताया कि वर्ष 2009 से निरंतर प्रतियोगिताओं व शैक्षणिक भ्रमण द्वारा युवा पीढ़ी को भारत की ऐतिहासिक विरासतों व भारत की सभयता व संस्कृति का ज्ञान कराता रहता है। उन्होंने सभी छात्राओं को इंटैक क्लब की जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक होने के लिए कहा और अपने अहम् का त्याग कर सहयोग भावना से क्लब के उद्देश्यों के प्रति निष्ठावान रहने को कहा। इतिहास विभाग अध्यक्ष डॉ जयपाल सिंह ने बताया कि इस क्लब में 101 सदस्य हैं, जो भारत की सांस्कृतिक, प्राकृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों को सुरक्षित रखने का संकल्प लिए हुए हैं। अंत में इतिहास विभाग की प्रवक्ता विनीता शर्मा ने उपस्थित मुख्य अतिथि प्राचार्य और उपस्थित स्टाफ के अन्य सदस्यों का धन्यवाद किया।